| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 15. | मेघालय | 458.13 |
| 16. | मिजोरम | 187.41 |
| 17. | नागालैंड | 504.99 |
| 18. | उड़ीसा | 12655.81 |
| 19. | पंजाब | 1608.66 |
| 20. | राजस्थान | 12594.24 |
| 21. | सिक्किम | 197.83 |
| 22. | तमिलनाडु | 17346.44 |
| 23. | त्रिपुरा | 541.43 |
| 24. | उत्तर प्रदेश | 51706.13 |
| 25. | पश्चिम बंगाल | 21610.16 |
| 26. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 164.80 |
| 27. | चंडीगढ़ | 40.77 |
| 28. | दादरा व नगर हवेली | 83.80 |
| 29. | दिल्ली | 187.42 |
| 30. | दमन व दीव | 52.40 |
| 31. | लक्षद्वीप | 81.75 |
| 32. | पांडिचेरी | 157.80 |
| | योग : | 262307.85 |

**दिल्ली में ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों का पंजीकरण**

2305. **श्री राम जेठमलानी :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1983 के बाद दिल्ली मे ग्रुप हाऊसिंग सोसायटियों के पंजीकरण को बंद कर दिया गया था ;

(ख) यदि हां तो, क्या यह भी सच है कि पंजीकरण बंद कर दिये जाने के बावजूद 8 ग्रुप हाऊसिंग सोसायटियों को पंजीकृत किया गया है ;

(ग) यदि हां, तो किन-किन तारीखों को इन सोसायटियों को पंजीकृत किया गया और उनके पंजीकरण करने के क्या कारण थे; और

(घ) दिल्ली प्रशासन के दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत ग्रुप हाऊसिंग सोसायटियों को भूमि के आवंटन के मामले में अन्य सोसायटियों के मुकाबले इन सोसायटियों की क्या स्थिति है ?

**शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलबीर सिंह) :** (क) जी, हां।

(ख) जी, हां।

(ग) सूचना विवरण में दी गई है (नीचे देखिये)।

(घ) ये समितियां सूची के अन्त में उल्लिखित हैं।

विवरण

| क्रम सं० | समिति का नाम | पंजीकरण तिथि | पंजीकरण का आधार |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वामी सिद्ध सी० जी० एच० एस० लि० 6. भगवानदास रोड, नई दिल्ली । पंजीकरण संख्या 1997 | 10-7-87 | ये समितियां 700 रुपये प्रतिमाह से कम आय वाली विधवाओं को हैं आश्रय हीनों के लिए आश्रय को अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष 1987 में विशेष प्रदर्शन परियोजना के रूप में इन समितियों को पंजीकृत किया था । यह समिति आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग की है । |
| 2. | स्वामी सेवा सी० जी० एच० एस० लि० डी. 1170 लाजपत नगर, नई दिल्ली पंजीकरण संख्या 1998. | 26-10-87 | |
| 3. | महर्षि बाल्मिकी सी० जी० एच० एस० लि० बी०-14 हरिजन कालोनी, समयपुर बादली, दिल्ली । पंजीकरण संख्या 1999. | 21-1-88 | |
| 4. | दस्तकार नेहरू कला कुंज सी० जी० एच० एस० लि०, 5 दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली । पंजीकरण सं० 2002 | 15-11-88 | यह समितियां नेहरू कला कुंज के भूले बिसरे कलाकारों की है । |
| 5. | बुनकर नेहरू कलाकुंज, सी० जी० एच० एस०, 5 दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली पंजीकरण सं०, 2003 | 15-11-88 | |
| 6. | लोक कलाकार नेहरू कलाकुंज सी० जी० एच० एस०; फ्लैट 4 शंकर मार्केट, नई दिल्ली ।, पंजीकरण सं० 2004 | 15-11-88 | |
| 7. | संगीतकार नेहरू कला कुंज सी० जी० एच० एस०, 5 दीनदयाल उपाध्याय मार्ग; नई दिल्ली । पंजीकरण सं० 2005 | 15-11-88 | |
| 8. | नार्थ ईस्ट आफीसर्स सी० जी० एच० एस० लि०, 5 दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली ।, पंजीकरण सं० 2006 | 1-12-88 | यह समिति उन अधिकारियों की है जिन्होंने उत्तर पूर्वी क्षेत्र में कार्य किया है तथा वे इस क्षेत्र में अचल सम्पत्ति नहीं जोड़ सकते हैं । |

टिप्पणी :—इन समितियों का पंजीकरण उनके सामने दिये गये विशेष कारणों से दिल्ली के उपराज्यपाल का पूर्वानुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् किया गया है, जिनके अनुदेश से सहकारी ग्रुप आवास समितियों का अलग पंजीकरण 1983 में बंद कर दिया गया था ।